फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

पर्वतसिंह पिता श्री नाहरसिंह राठौड, नि0 माण्डावाडा, पोस्ट पडासली, राजसमन्द –**अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 05/2022**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.02.2022 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः आर.टी.आई./22/98 दिनांक 28.01.2022 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रार्थी को समयावधि में दुरभाष द्वारा सूचित कर प्रार्थी द्वारा प्रकरण संख्या 165/2017 इस्तगाता में उपलब्ध दस्तावेजों से वांछित सूचना तैयार कर प्रार्थी द्वारा दिनांक 22.12.2021 को प्राप्त कर ली गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना प्रार्थी द्वारा दिनांक 22.12.2021 को कार्यालय से प्राप्त किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती हैं। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)